हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

11 ढाबों को सिलेंडरों की जगह लकड़ियों का सहारा



12 खेलकूद में अंकिता, ज्योति और कोमल रही प्रथम



**खबर संक्षेप**

### बेरी मेले में दी जाएंगी निःशुल्क विधिक सेवाएं

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माता भीमेश्वरी देवी मंदिर बेरी में आयोजित होने वाले मेले के दौरान विधिक जागरूकता स्टॉल लगाया जाएगा। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं व आमजन को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके लिए पैरा लीगल वालंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई है। यहां पर लोग विधिक सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रोहद बाईपास के निकट से काबू किए गए आरोपी की पहचान सन्नी के रूप में हुई है। वह सांपला का रहने वाला है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### 120 ग्राम गांजे सहित आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। उसकी पहचान अजय के रूप में हुई है। गांव जाखोदा का रहने वाला है। गुप्त सूचना के आधार पर जाखोदा मोड़ से उसको काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास 120 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### सड़क हादसे में राहगीर की मौत, पहचान नहीं

**बहादुरगढ़।** नेशनल हाइवे पर केएमपी पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव मिला। किसी वाहन की चपेट में आकर व्यक्ति की जान गई है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना बुधवार की रात की है। किसी राहगीर की नजर पुल के नीचे निढाल पड़े एक शख्स पर गई तो उसने नजदीक जाकर देखा। व्यक्ति की सांसे थम हुई थी। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। उसके कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। शरीर पर चोट के निशान हैं। किसी वाहन की चपेट में आकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है। जांच अधिकारी नरेंद्र सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। फिलहाल पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## शहर का सबसे बड़ा व पॉश वाणिज्यिक केंद्र 7 करोड़ रुपये में बनकर तैयार, अब ई-ऑक्शन शुरू होगी


# 15 एकड़ में बना कमर्शियल टाउन सेंटर, सवा 9 करोड़ रखी एससीओ की कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-9 बाईपास के निकट स्थित मेट्रो यार्ड के साथ लगभग साढ़े 7 करोड़ रुपये की लागत से कमर्शियल टाउन सेंटर विकसित किया गया है। निर्माण पूरा होते ही इसकी अलॉटमेंट प्रक्रिया शुरू हो गई है। शहर के इस सबसे बड़े व्यवसायिक केंद्र में कुल 15 एकड़ एरिया में से 36.50 प्रतिशत एरिया ही बिक्री के लिए प्रस्तावित है। प्राधिकरण ने करीब साढ़े 4 सौ मीटर के एससीओ का रिजर्व प्राइस सवा 9 करोड़ रुपये से भी अधिक रखा है, लेकिन आसपास फैली गंदगी इस पर ग्रहण लगा रही है। दयानंद नगर और मेट्रो फ्लैट्स के बीच स्थित बेशकीमती जमीन पर हशविप्रा द्वारा कमर्शियल टाउन सेंटर का निर्माण किया गया है।

36.50 % एरिया ही बिकेगा, 38 हजार 439 वर्ग मीटर में पार्किंग, रोड व सामुदायिक सेवाएं होंगी

01 अस्पताल, 34 शॉप कम आफिस, 01 मिल्क बूथ और 20 कियोस्क बनाए



### 18 मार्च को 11 थ्री स्टोरी एससीओ की बोली होगी

यहां एक अस्पताल, 34 शॉप कम आफिस (एससीओ), एक मिल्क बूथ, 20 कियोस्क बनाए गए हैं। कॉरिडोर व बेसमेंट समेत तीन मंजिला एससीओ बनाए जा सकेंगे। करीब 2400 वर्ग मीटर भूखंड अस्पताल के लिए प्रस्तावित है। प्राधिकरण द्वारा करीब 38 हजार 439 वर्ग मीटर एरिया में पार्किंग, रोड, सामुदायिक सेवाएं आदि विकसित की गई हैं। कमर्शियल टाउन सेंटर में बुनियादी ढांचे का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब संपदा कार्यालय द्वारा दुकानों के एरिया की ई-नीलामी की जा रही है। यहां पर लोग दुकानों के साथ तमाम तरह के कार्यालय भी खोल सकेंगे। आगामी 18 मार्च को होने वाली ई-ऑक्शन में 11 थ्री स्टोरी एससीओ विद बेसमेंट की बिड लगाई जाएगी। करीब 30 मीटर गुणा 15.12 मीटर के इन प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 453.45 वर्ग मीटर है। इसका रिजर्व प्राइस 9 करोड़ 38 लाख 98 हजार 200 रुपये रखा गया है। दूसरी ई-ऑक्शन 19 मार्च को है। इसमें 16 क्योस्क साइट हैं। पौने 3 गुणा पौने 3 मीटर की इन साइट का क्षेत्रफल 7.56 वर्ग मीटर है। जबकि रिजर्व प्राइस 8 लाख 54 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 6 थ्री स्टोरी एससीओ विद बेसमेंट की ई-निलामी होगी। करीब 30 मीटर गुणा 15 मीटर के इन प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 450 वर्ग मीटर है। इसका रिजर्व प्राइस 8 करोड़ 47 लाख 12 हजार 600 रुपये रखा गया है।

**कमर्शियल साइट पर सभी आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई**



हमने कमर्शियल सिटी सेंटर पर तमाम जरूरी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा दी हैं। इसके साथ ही साइट्स की ई-ऑक्शन शुरू हो गई है। यह शहर का सबसे बड़ा और शानदार वाणिज्यिक केंद्र बनेगा। आसपास फैली गंदगी की शिकायत का संज्ञान लेकर समस्या को दूर करवाया जाएगा। - विजय राठी, संपदा अधिकारी, हशविप्रा



### करोड़ों के प्रोजेक्ट पर गंदगी का ग्रहण

बेशक प्राधिकरण ने इस प्राइम लोकेशन पर करोड़ों रुपये खर्च करके शानदार कमर्शियल सेंटर बनाया हो, लेकिन आसपास फैली गंदगी और दूषित जलजमाव इस पर ग्रहण लगा रहा है। हशविप्रा ने यहां साइट्स की कीमत करोड़ों रुपये तय की है। लेकिन इस साइट को पूरी तरह साफ-सुथरा करने का जरूरी काम भी नहीं किया। इस कारण यहां जगह खरीदने के इच्छुक लोग भी कदम पीछे खींच रहे हैं।

## दिल्ली गेट पर घर में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान, बाल-बाल बची जान

# शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग, पड़ोसियों ने ताला तोड़कर पिछले दरवाजे से निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के दिल्ली गेट स्थित एक मकान में शार्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। बुधवार देर शाम करीब साढ़े आठ बजे हुई इस आगजनी में जहां मकान में रखा अधिकांश सामान जल कर स्वाहा हो गया, वहीं आस-पड़ोस के लोगों की सूझबूझ व सर्तकता के चलते मकान में रहने वाले लोगों को पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर सकुशल बचा लिया गया।

दिल्ली गेट निवासी युवक सतीश ने बताया कि उसके स्वर्गीय भाई प्रदीप के मकान में आग लगी है। शाम को उसकी भतीजी पायल रसोई में खाना बना रही थी जबकि उसकी मां भी घर के अन्य कामों में लगी थी। भाई अंदर वाले कमरे में था। उसी दौरान अचानक शार्ट सर्किट हुआ और बाहर के कमरे में लगी पीवीसी फिटिंग ने आग पकड़ ली। इसके बाद जब घर में धुआं उठा तो उन्हें आग लगने का पता चला, लेकिन मुख्य गेट वाले कमरे में आग लगने के कारण सभी सहम गए। इसी दौरान घर से आग की लपटें निकलती देखकर आस-पड़ोस के लोग भी आ पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद स्वयं भी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसके बाद आनन-फानन में पड़ोस के लोगों द्वारा पहले बिजली मीटर से डोरी काटी तथा क्रशर व पानी से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा थोड़ी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। गणीमत यह रही कि लोग जाग रहे थे और समय रहते आग को दूसरे कमरे व रसोई में फैलने से बचा लिया गया अन्यथा स्थिति और भी विकराल हो सकती थी।



**झज्जर।** मकान में लगी आग से बाहर पड़े क्षतिग्रस्त सामान को देखते हुए लोग।


### जतिन ने दिखाया साहस, खोला मेन गेट

जब आगजनी की घटना हुई और पड़ोस के लोग एकत्रित हुए, तो जतिन ने साहस दिखाते हुए मेन दरवाजा खोला। इसके बाद लोग आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक कमरे में रखा फर्नीचर, सोफा सेट व बाइक सहित अन्य सामान जल कर चुका था। जतिन ने बताया कि उन्होंने करीब डेढ़ से दो वर्ष पहले ही घर में पीवीसी फिटिंग कराई थी। इस घटना में उनका करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हो गया।

### शटर का ताला तोड़कर बाहर निकाले

सतीश ने बताया कि घर में दो दरवाजे हैं। घर के पीछे वाली साइड बने छोटे दरवाजे पर शटर लगाया गया है, जो अधिकतर बंद रहता है। घरवालों द्वारा मुख्य रूप से मेन दरवाजे का ही उपयोग किया जाता है। जब आग लगी तो मीना व उसकी पुत्री पायल का डर के मारे बुरा हाल था। पड़ोस के लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए घर के पीछे वाले शटर का ताला तोड़कर सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया। इसके बाद पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।

### ठेके में लगाई आग, सेल्समैन झुलसा



**झज्जर।** शराब के ठेके पर लगी आग के कारण झुलसा सामान।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मलिकपुर में अज्ञात लोगों द्वारा माजरा मार्ग स्थित एक शराब की दुकान में पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की वारदात को अंजाम दिया गया। अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने के बाद बाहर से कुंडी भी बंद कर दी गई, जिस कारण खोखे के अंदर सो रहा सेल्समैन भी आग में झुलस गया। घटना के बाद सेल्समैन अनुज ने बराणी शराब के खोखे पर कार्यरत अपने मामा को सूचना दी। इसके बाद सेल्समैन के मामा द्वारा ही पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गई। आग में झुलसे अरुण को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में झामरी गांव निवासी बलवान ने बताया कि उन्होंने पहाड़ीपुर, मारौत, बराणी आदि गांवों में शराब की दुकान खोल रखी हैं। मलिकपुर वाली दुकान पर अब्दुल्लानगर यूपी निवासी अनुज पिछले करीब एक साल से सेल्समैन के पद पर कार्यरत है। वीरवार सुबह करीब चार बजे अज्ञात व्यक्ति ने शराब के खोखे की खिड़की से अंदर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगने के कारण दुकान में रखा सामान व सेल्समैन बुरी तरह से झुलस गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अज्ञात हमलावरों ने बाहर से कुंडी लगा पेट्रोल डालकर आग लगाई**

### व्यापारियों से हथियार के बल पर चार लाख रुपये की लूट

**झज्जर।** बुधवार देर रात क्षेत्र के गांव कबलाना में व्यापारियों की कार के आगे बदमाशों ने अपनी मोटरसाइकिल अड़ाकर हथियार के बल पर चार लाख रुपये लूटने की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

- कबलाना में व्यापारियों की कार के आगे बदमाशों ने बाइक अड़ा वारदात को दिया अंजाम

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की। लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर रहे। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार व्यापारी सामान खरीदने के लिए नांगलोई जा रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ते यह वारदात हुई है। मामले को लेकर व्यापारियों में रोष बना हुआ है। व्यापार मंडल के जिला प्रधान केशव सिंगल ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिले में व्यापारियों के साथ लूट व चोरी की कई बड़ी वारदात सामने आ चुकी है। कई वारदात अनसुलझी होने के कारण बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

## बालक का अपहरण कर फिरौती वसूलने वाले आरोपी जेल भेजे

- तीन आरोपियों से 5 करोड़ में से 2.10 करोड़ की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बालक का अपहरण कर पांच करोड़ की फिरौती वसूलने के मामले में पकड़े गए तीनों आरोपी पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद वीरवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिए हैं। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। दरअसल, गत चार मार्च को होली खेलते समय झज्जर जिले के गांव बराणी से 9 वर्षीय बालक हुनरजीत का स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। आरोपियों ने बच्चे के परिजनों से पांच करोड़ रुपये की फिरौती वसूलने के बाद उसे रोहतक में छोड़ दिया था। इस मामले में एसटीएफ ने पहले मुख्य आरोपी अंतरराष्ट्रीय पैरा जूडो खिलाड़ी मोनू निवासी कंसाला और उसके साले मनीष निवासी बराणी को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों को पहले पांच दिन के रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में गोविंद निवासी कंसाला का नाम सामने आया तो उसे भी एसटीएफ बहादुरगढ़ ने काबू किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक करोड़ 12 लाख 90 हजार 500 रुपये की नकदी बरामद की थी।

मामले में सामने आया है कि मुख्य आरोपियों ने गोविंद को रुपये संभालने के लिए दिए थे। इस काम के बदले उसे पांच लाख रुपये दिए गए थे। मामले में कुछ अन्य आरोपी भी शामिल बताए गए हैं। तीनों आरोपियों की रिमांड अवधि वीरवार को समाप्त हो गई। अब तक इस मामले में कुल दो करोड़ दस लाख 63 हजार 400 रुपये की रिकवरी हो चुकी है। एसटीएफ प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी से रिमांड के दौरान गहन पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और फिरौती की बाकी रकम की बरामदगी भी जल्द की जाएगी।

**सीआईए टू बहादुरगढ़ टीम की बड़ी कामयाबी**

# हत्या की फिराक में आए नितिन गैंग के दो शॉर्प शूटर को किया गिरफ्तार

- रोहतक में निजी अस्पताल के सामने हत्या, बक्करवाला दिल्ली में एक व्यक्ति को गोली मारने और गुरुग्राम गोलीकांड में थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

सीआईए टू बहादुरगढ़ की एक टीम द्वारा दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। वीरवार दोपहर बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि सीआईए टू बहादुरगढ़ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों को बहादुरगढ़ सदर थाना क्षेत्र से पकड़ा है। आरोपियों की पहचान नितिन पुत्र मनोज निवासी गांव जसराना जिला सोनीपत, हाल निवासी बालंद, रोहतक और दीपक उर्फ टाइगर पुत्र राजेश निवासी गांव बादली जिला झज्जर के रूप में हुई है। इनके पास से एक-एक अवैध पिस्तौल और चार-चार राउंड बरामद किए हैं।

डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि आरोपी नितिन गैंग के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा था और कई गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बीती 16 फरवरी को रोहतक स्थित निजी अस्पताल के सामने गोली मारकर हत्या करने और बकरवाला दिल्ली में गोली मारने की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा बीते सात मार्च को गुरुग्राम के हीरो होंडा चौक स्थित बिग बॉयज टॉयज शोरूम के बाहर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने की घटना में भी उसकी संलिप्तता सामने आई है। वहीं दूसरे आरोपी दीपक उर्फ टाइगर वर्ष 2018 में उसने जमीन विवाद के चलते अपने चाचा की हत्या कर दी थी, जिसमें अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिलहाल वह पैरोल पर जेल से बाहर आया हुआ था और पुलिस जांच में सामने आया है कि वह अपने दूसरे चाचा की हत्या की साजिश रच रहा था। पुलिस टीम काफी समय से दोनों आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। जैसे ही सूचना मिली कि आरोपी बहादुरगढ़ क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं, सीआईए टू पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों, उनके नेटवर्क और अब तक की वारदातों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना दिल्ली पुलिस, हरियाणा एसटीएफ सहित संबंधित थानों को भी दे दी गई है।

**परेशानी**

## युद्ध का असर : छोटे सिलेंडरों में दो से तीन गुणा अधिक दाम में बेच रहे खुली गैस

# गैस किल्लत के नाम पर मजदूरों की जेब पर मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गैस की कथित किल्लत का सबसे अधिक असर प्रवासी मजदूर परिवारों पर देखने को मिल रहा है। छोटे सिलेंडरों में खुली गैस भरवाने वाले प्रवासियों से ढाई से तीन गुणा दाम वसूला जा रहा है। इससे इन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

दरअसल, अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर पेट्रोलियम पदार्थों पर पड़ रहा है। घरेलू गैस के दाम बढ़ चुके हैं, वहीं कमर्शियल सिलेंडर के लिए मारामारी की स्थिति है। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर ऑनलाइन बुक कराने में ओटीपी संबंधित दिक्कते आ रही हैं। हालांकि गैस एजेंसियों पर सिलेंडरों से भरे ट्रक नजर आ रहे हैं। होम डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों की मानें तो इतनी दिक्कत नहीं है, जितना लोग तनाव में हैं। बहरहाल, इन हालातों के बीच सबसे अधिक परेशानी प्रवासी लोगों को झेलनी पड़ रही है। बहादुरगढ़ में बड़ी तादाद में प्रवासी हैं। इनमें से काफी लोगों के पास गैस कनेक्शन नहीं हैं। ये लोग छोटे सिलेंडरों में दुकानों पर जाकर गैस डलवाते हैं। बड़े से छोटे सिलेंडरों को रिफिल करने का यह कारोबार पूरी तरह से अवैध है और जुगाड़ तथा कालाबाजारी पर टिका है। मार्केट में एलपीजी सिलेंडर कालाबाजारी के बाद दोगुणा रेट पर बिक रहा है। वहीं गैस का कारोबार करने वाले दुकानदार एक कदम आगे बढ़कर 250 से 300 रुपये प्रति किलो गैस बेच रहे हैं। कहीं कहीं रेट इससे भी ज्यादा है।



**बहादुरगढ़।** गैस एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े लोग।

### गैस की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर धर्मपाल शर्मा ने कहा कि हमारे यहां दस एजेंसी हैं। किसी तरह की कोई कमी नहीं है। ओटीपी संबंधित जो भी समस्या है, वह भी हल हो जाएगी। रही बात खुले में गैस बेचे जाने की तो इस दिशा में भी जांच की जाएगी। यदि कोई गैस की कालाबाजारी करता मिला तो सख्त कार्रवाई होगी।



रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर

## रूफस हॉर्नेरो: मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस



कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *

## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल



**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *

## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





## प्रेयरी डॉग्स: जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के



एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताब**: होलू का दिमाग चलता है, **लेखक**: दिविक रमेश
**मूल्य**: 175 रुपए, **प्रकाशक**: अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली



## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन, 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।


## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'




एआई इमेज

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *



कहानी
क्षमा शर्मा

आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां



इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा | प्रगति, बिलासपुर | कुंजल, रायपुर | रिधान, अंबिकापुर | प्रभु, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



सर्वर डाउन होने के कारण पोर्टल नहीं चल रहा, जिसके कारण लोग दिनभर सिलेंडर लेने के लिए कतारों में खड़े हैं

## अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध की वजह से जिले में गैस सिलेंडरों को लेकर बनी परेशानी

# ढाबों को सिलेंडरों की जगह लकड़ियों का सहारा, गैस किल्लत की आशंका में एजेंसी के बाहर लगीं लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अमेरिका, इजराइल व ईरान युद्ध का असर अब झज्जर शहर में भी दिखाई देने लगा है। कर्मिशयल सिलेंडर की सप्लाई पूर्णतया बंद कर दी गई है। जिसके कारण होटल व रेस्तरां संचालक परेशान हैं और अपने कारोबार को बचाने के लिए दूसरे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसके अलावा घरेलू सिलेंडरों को लेकर भी मारामारी मची हुई है। सर्वर डाउन होने के कारण पोर्टल नहीं चल रहा है, जिसके कारण लोग दिनभर सिलेंडर लेने के लिए कतारों में खड़े हैं।

हालांकि विभागीय स्तर पर घरेलू सिलेंडरों की कमी नहीं होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन आमजन युद्ध के लंबे चलने की आशंका के कारण परेशान है। स्थिति यह है कि जहां शहर की गैस एजेंसियों के बाहर कुछ नहीं दिखाई देता था, वहीं अब लोगों की लंबी कतारें दिनभर लगी दिखाई दे रही है। गैस एजेंसियों के बाहर लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। बुकिंग के लिए जारी किए नंबर मिल नहीं रहे हैं। आगामी दिनों में स्थिति ज्यादा खराब न हो, इसके लिए लोग व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। ऐसे लोग भी लाइनों में लगे है, जिन्हें फिलवक्त गैस सिलेंडर की जरूरत नहीं है।गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच बिजली उपकरणों की डिमांड बढ़ गई है। अन्य दिनों की अपेक्षा लोग ज्यादा बिजली उपकरण खरीद रहे हैं। वहीं कुछ लोग अपने घरों में पहले से रखे उपकरण भी इस्तेमाल करने लगे हैं।



झज्जर। बेरी गेट क्षेत्र स्थित गैस एजेंसी के बाहर लगी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### फास्ट फूड के दामों में हुई वृद्धि

इन दिनों फॉस्ट फूड संचालकों ने दामों में वृद्धि कर दी है। टिक्की, गोलगप्पे, दही भल्ले सहित अन्य सामानों में दस से बीस रुपये प्रति प्लेट इजाफा किया गया है। संचालकों का कहना है कि मात्र एक या दो दिन का ही स्टॉक बचा है। उसके बाद फॉस्ट फूड का काम बंद करना पड़ेगा। वहीं लंच, डिनर के लिए कोयले व लकड़ी का इंतजाम किया जा रहा है।

### विकल्प खोज रहे कारोबारी

कर्मिशयल सिलेंडर की सप्लाई बंद होने के बाद होटल व रेंस्तरा संचालक परेशान हैं। इन्होंने अपने व्यवसाय को बचाने के लिए विकल्प खोजने शुरू कर दिए हैं। कोई भट्ठी चलाने के लिए लकड़ियां खरीद रहा है तो कोई कोयले की व्यवस्था करने में जुटा है। ऐसे में कोयले व लकड़ियों के दामों में भी वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है।



झज्जर। अंबेडर चौक पर एक मिष्ठान भंडार के बाहर लकड़ियां लेकर जाते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पेट्रोल, डीजल, सीएनजी व एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

जिले में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी व एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता और आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी निर्देशों के संदर्भ में यह आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को इनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। जारी आदेशों के अनुसार एडीसी को जिला स्तर पर पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी की उपलब्धता व आपूर्ति की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने उपमंडलों में इन पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी प्रकार की बनावटी कमी या अनियमितता न होने देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए हैं कि घरेलू एलपीजी गैस का व्यावसायिक उपयोग के लिए दुरुपयोग न हो। किसी भी स्तर पर जमाखोरी, निर्धारित रेट ज्यादा पैसे लेने या कालाबाजारी जैसी गतिविधियां न होने दी जाएं। सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों, पेट्रोलियम डीलर्स और एलपीजी वितरकों को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मशीन में आकर क्षतिग्रस्त हुआ हाथ, कंपनी प्रबंधन पर केस दर्ज

रेवाड़ी। कंपनी में कार्य करते समय मशीन में आकर एक श्रमिक का हाथ क्षतिग्रस्त हो गया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। आरोप है कि प्रबंधन ने उससे हादसे के बाद कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए, जिनमें हाथ क्षतिग्रस्त होने के पीछे उसी की लापरवाही लिख दिया। पुलिस शिकायत में रोहड़ाई निवासी झाबर सिंह ने बताया कि वह ठेकेदार के अधीन एक फैक्ट्री में कार्यरत था। वह फैक्ट्री की एक यूनिट पर अकेला कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसका मशीन में हाथ आ गया। उसने आरोप लगाया कि हाथ मशीन में आने के बाद वह काफी देर तक चिल्लाता रहा, परंतु हाथ निकालने के लिए गार्ड और सुपरवाइजर नहीं आए। साथ कर्मचारियों ने काफी देर बाद उसके हाथ से मशीन से निकाला। तब तक वह अर्ध बेहोशी की हालत में पहुंच चुका था।

## बच्चों ने फोटो सेशन से यादों को सहेजा


झज्जर। क्लास इंचार्ज के साथ प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक फोटो सेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थी आकर्षक और रंग-बिरंगे परिधानों में पहुंचे जहां उन्होंने मनमोहक मुद्राओं में फोटो खिंचवाई। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों ने क्लास इंचार्ज के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाया। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया व प्रबंधक केएम डागर ने विद्यार्थियों के साथ क्लास इंचार्ज को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बचपन की यादगार झलकियों को संजोना और विद्यालय जीवन के सुंदर पलों को सुरक्षित रखना रहा।

## नपा बेरी में 14 व 15 मार्च को होंगी एरिया सभा: पूजा

बेरी। हरियाणा नगरपालिका भागीदारी अधिनियम के तहत प्रशासन एवं सेवा वितरण प्रणाली में नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से नपा बेरी कार्यालय परिसर में 14 व 15 मार्च को एरिया सभा आयोजित की जाएंगी।



नपा सचिव पूजा साहू ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित एरिया सभा में सुबह 10 बजे वार्ड संख्या 1 से 3 तक और वार्ड संख्या 4 से 6 तक के लाभार्थियों के लिए एरिया सभा 2 बजे आयोजित होगी। इसी प्रकार 15 मार्च को सुबह 10 बजे वार्ड नंबर 7 से 9 और दोपहर 2 बजे वार्ड संख्या 10 से 13 तक के लाभार्थियों के लिए तय की गई हैं। दोनों दिन एरिया सभाओ में संबंधित वार्ड के विभिन्न स्कीमों जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विडो पेंशन, पंडित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा।

## एसडीएम के सामने रखी प्रॉपर्टी आईडी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

वीरवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाधान शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें दर्ज की गई। एसडीएम ने कहा कि लोगों की शिकायतों का निवारण करना ही सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है।


बेरी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### न्यूज डायरी

## विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी



झज्जर। कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स बिरड में वीरवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में होंडा कंपनी से मनप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों, हेलमेट के महत्व, सीट बेल्ट के उपयोग तथा सुरक्षित वाहन चलाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन एडवोकेट शरद राव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी हैं। प्राचार्य डॉक्टर मनजीत कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी।

## डीसी ने इंट्रा हरियाणा पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिए निर्देश




झज्जर। वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में इंट्रा हरियाणा पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों में पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सेवाओं तथा कर्मचारियों से संबंधित ऑनलाइन प्रक्रियाओं, विशेषकर अवकाश आवेदन की व्यवस्था की समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग इंट्रा हरियाणा पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का पूर्ण रूप से उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि कर्मचारियों से संबंधित सेवाएं पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो सकें। कर्मचारियों की छुट्टियों सहित अन्य सेवाओं के लिए पोर्टल का उपयोग बढ़ाने से कार्य प्रणाली अधिक सुव्यवस्थित और डिजिटल होगी।

## विद्यालय परिसर में लगाई त्रिवेणी

झज्जर। आरईडी स्कूल में वीरवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय में त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों से कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की प्रेरणा देते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन लेने की बात कही।


झज्जर। विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए निदेशक जितेंद्र अहलावत।

## एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उपमंडल स्थित लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर एसडीएम अभिनव सिवाच ने जनसमस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया। उनके अनुसार समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की शिकायतों का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

वीरवार को एसडीएम अभिनव सिवाच ने उपमण्डल स्तर के विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में आयोजित समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटान करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई। सिवाच ने बताया कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। सीएम नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में चल रही इस सार्थक पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। इस अवसर तहसीलदार सुदेश मेहरा भी मौजूद रही।


बहादुरगढ़। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम अभिनव सिवाच।

- समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की शिकायतों का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा

## हरियाणा का गलत डोमिसाइल बनवाने आया तो की शिकायत

बहादुरगढ़। गत दिवस एक सीएससी सेंटर पर लगाए गए अधिक शुल्क वसूली के आरोपों के मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया है। सीएससी सेंटर संचालक ने बताया कि पश्चिम बंगाल मूल का प्रवासी गलत पहचान पत्रों के आधार पर हरियाणा का रिहायशी प्रमाण पत्र बनवाना चाहता था। ऐसा नहीं किया गया तो उनके विरुद्ध झूठी शिकायत देकर प्रताड़ित किया गया। रितिक के अनुसार एक प्रवासी परिवार वार्ड नंबर-16 के जटवाड़ा मोहल्ले में रहता है। उस परिवार ने डेढ़ साल पहले हरियाणा की फैमिली आईडी बनवा ली। अब वह हरियाणा डोमिसाइल सर्टिफिकेट बनवाना चाहता है। अपने आवेदन में उसने वोटर कार्ड की जगह उस फैमिली आईडी का प्रयोग किया। उसके आवेदन को वार्ड-14 के पूर्व पार्षद ने सत्यापित किया था। जबकि सेल्फ डेक्लेरेशन पर आवेदक के हस्ताक्षर तक नहीं थे। इसके अलावा उसके आधार कार्ड पर पश्चिम बंगाल का पता है। रितिक ने यह शिकायत मुख्यमंत्री, जिला उपायुक्त, एसडीएम और नगर परिषद के ईओ को भेजी है।

**सूचना**

मैं, दर्शना पत्नी श्री कृष्ण निवासी गांव बुपनिया, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र करमबीर व पुत्रवधु संगीता निवासी गांव बुपनिया, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा० प्रा० वि० डाबोदा खुर्द (13026) जिला झज्जर के कंडम भवन की नीलामी दिनांक 20.03.2026 को 12:30 PM विद्यालय प्रांगण में होगी। जिसकी अनुमानित राशि 91500/- (इक्यानवें हजार पाँच सौ) रूपए है। इच्छुक बोलीदाता को आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि का डिमांड ड्राफ्ट डी.ई.ई.ओ. (D.E.E.O) झज्जर के नाम देना होगा। सफल बोलीदाता को कुल कीमत का 100 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट तुरंत विद्यालय मुखिया के नाम जमा करना होगा। जोकि तुडवाई का कार्य आरम्भ करने या नीलामी के सात दिन के अंदर अंदर जमा करवाना अनिवार्य होगा। अन्यथा 10 प्रतिशत धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। नीलामी के उपरांत तय समय सीमा में सारा मलबा उठाना होगा व नीलामी स्थल समतल करके देना होगा अन्यथा उपरोक्त राशि जब्त कर ली जाएगी। विद्यालय मुखिया की NOC उपरान्त ही बोलीदाता को उपरोक्त धरोहर राशि वापिस की जाएगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

संपर्क सूत्र Manju Devi (H.T) 8607388449
Amarjeet Singh (Teacher) 9050890568

Sd/- Headteacher
GPS Dabodha Khurd (Jjr)

### स्वास्थ्य विभाग ने गिरावड़ गांव के ईंट भट्ठा पर इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजन किया

# इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप में किए 62 एचआईवी टेस्ट

- कैंप में पहुंचे लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गिरावड़ गांव के ईंट भट्ठा पर इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर हिमानी, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर उषा, आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर नविता, पीडियाट्रिशियन डॉक्टर मोहित व एमएमयू वैन इंचार्ज डॉक्टर बंटी व उनकी टीम ने सेवाएं दी। इस दौरान टीम द्वारा लोगों की एचआईवी व टीबी स्क्रीनिंग भी की गई। कैंप में 28 लोगों के एक्स-रे, 22 लोगों के बलगम सैंपल, 50 के हीमोग्लोबिन टेस्ट, 50 के आरबीएस शुगर टेस्ट व 28 सिफीलिस टेस्ट किए गए। इस दौरान किए गए 62 एचआईवी टेस्टों में से सभी नेगेटिव पाए गए। कैंप में पहुंचे लोगों को जहां बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया वहीं 1097 हेल्पलाइन नंबर का प्रचार-प्रसार भी किया गया। एचआईवी स्क्रीनिंग के दौरान लोग एनीमिया से ग्रस्त मिले जिन्हें जांच के बाद ब्लड ट्रांसफ्यूजन और आयरन सुक्रोज उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल रेफर किया गया।



## खबर संक्षेप

### मकान के बाथरूम में अज्ञात ने लगाया फंदा

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा में फांसी का एक रहस्यमयी मामला सामने आया है। यहां एक मकान के बाथरूम में व्यक्ति का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। चर्चा है कि वह मकान में घुसा और एकाएक इस घटना को अंजाम दे दिया। हालांकि आसौदा पुलिस मामले में जांच कर रही है। घटना वीरवार सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, निलोठी निवासी एक शख्स ने जाखोदा स्थित अपने एक प्लॉट में कुछ कमरे बना रखे हैं। करीब पौने 12 बजे एक शख्स मकान के बाथरूम में घुस गया और अंदर से कुंडी लगा ली। काफी देर तक भी कुंडी नहीं खुली तो पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद जैसे-तैसे दरवाजा खोला गया तो वह फंदे पर लटका हुआ था। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। देखने से प्रवासी प्रतीत होता है। कमरे में रहने वाले लोग उसे नहीं जानते।

### पति पर स्कूल में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 चौकी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि उसका पति नशे की हालत में झगड़ा करता है। उसकी नशे की लत से तंग आकर वह अपने मायके आ गई। मायके के निकट प्ले स्कूल चलाती है। करीब 12 बजे पति विशाल हमारे स्कूल में अंदर घुस आया और मेरे साथ मारपीट की। कहने लगा कि बच्चे दे दो, वरना तुम्हें व परिवार को मार दूंगा।

## वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में 11वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# खेलकूद में अंकिता, ज्योति और कोमल रही प्रथम

*खेल विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यकः डॉ. शर्मा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में चल रही 11वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएं हुईं। इस दौरान 400 मीटर दौड़ में अंकिता प्रथम, दिव्या द्वितीय तथा ज्योति तृतीय स्थान पर रही।

डिस्कस थ्रो में प्रथम ज्योति, द्वितीय कोमल तथा तृतीय दिशा रही। जैवलिन थ्रो में कोमल पहले, दिशा दूसरे तथा अंकिता तीसरे स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में अंकिता पहले, ज्योति दूसरे तथा पूजा तीसरे नंबर पर रही। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से अनुशासन व टीम भावना का विकास होता है। शारीरिक शिक्षा प्रभारी सुनीता रानी की देखरेख में हो रही प्रतियोगिताओं के आयोजन में एनएसएस व वाईआरसी वॉलिंटियर्स ने सराहनीय भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। दौड़ लगाती वैश्य बीएड कॉलेज की छात्राएं। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। प्रो. अनुराधा सभरवाल को बधाई देते प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ सदस्य।

# प्रो. अनुराधा को मिली पीएचडी की उपाधि


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय में गणित विभाग की सहायक प्रोफेसर अनुराधा सभरवाल को दिल्ली विश्वविद्यालय के 102वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने बीजगणित (एल्जेब्रा) क्षेत्र में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है।

बता दें कि भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन समारोह के मुख्य अतिथि थे तथा अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। गवर्नमेंट कॉलेज बहादुरगढ़ के प्राचार्य दलबीर सिंह तथा उप-प्राचार्या सुमन हुड्डा ने डॉ. अनुराधा सभरवाल को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कॉलेज काउंसिल तथा स्टाफ सदस्यों ने भी डॉ. अनुराधा सभरवाल को शुभकामनाएं दीं। डॉ. अनुराधा सभरवाल की यह उपलब्धि बेटियों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक है।

## बॉक्सर युवराज जाखड़ को किया सम्मानित

**झज्जर।** एचडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल साल्हावास के पूर्व छात्र युवराज जाखड़ को ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक रमेश गुलिया ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 1600 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लिया, जिसमें 85 किलोग्राम भार वर्ग में युवराज जाखड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। युवराज की इस उपलब्धि पर उसे 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवराज के पिता नित्यानंद जाखड़, हैंडबॉल कोच राम भगत जाखड़ तथा युवराज के बड़े भाई प्रवीन जाखड़ को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।



झज्जर। खिलाड़ी युवराज जाखड़ को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर कप में प्राची ने जीता लीग मैच

**झज्जर।** बैंकॉक में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर कप 2026 में एचआर ग्रीन फील्ड की छात्रा प्राची चाहार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लीग मैच में सफलता हासिल की है। प्राचार्य मोहिंद्र गुलिया ने बताया कि उनके स्कूल की छात्रा प्राची चाहार ने लीग मैच में साउथ अमेरिका महाद्वीप के एक्वाडोर देश की खिलाड़ी को हराकर देश व संस्थान का गौरव बढ़ाया। इस सफलता पर स्कूल प्रबंधक विकास धनखड़ व प्रदीप धनखड़ ने प्राची के पिता दीपक चाहार को बधाई देते हुए होनहार प्राची के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। बॉक्सिंग खिलाड़ियों के साथ उपस्थित प्राची चाहार। फोटो: हरिभूमि

## वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में पौधे रोपे

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में वीरवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा के अध्यक्ष एवं राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। इस दौरान कॉलेज प्रांगण में पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के मार्गदर्शन में प्राध्यापकों तथा स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वयंसेविकाओं ने मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।




बहादुरगढ़। कॉलेज प्रांगण में पौधे लगाती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा व अन्य।

# कलेक्टर रेट निर्धारण के लिए एसडीएम ने किया गांवों का दौरा

*प्रचलित भूमि दरों का किया अवलोकन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एसडीएम अभिनव सिवाच ने कलेक्टर रेट के निर्धारण से संबंधित प्रक्रिया के तहत क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर मौके पर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में भूमि मूल्यों से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारी एकत्रित कर नियमानुसार रिपोर्ट तैयार करें।

वीरवार को एसडीएम अभिनव सिवाच ने गांव बालौर, नूना माजरा, खेड़का मुसलमान, नया गांव और सराय औरंगाबाद सहित कई गांवों में पहुंचकर जमीनों की वर्तमान स्थिति, बाजार भाव तथा संबंधित पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर क्षेत्र में प्रचलित भूमि दरों का अवलोकन किया तथा कलेक्टर रेट तय करने के लिए आवश्यक तथ्यों का जायजा लिया। सिवाच ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार कलेक्टर रेट के निर्धारण की प्रक्रिया को पारदर्शी और तथ्यात्मक बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि जमीनों के वास्तविक बाजार मूल्य के अनुरूप कलेक्टर रेट निर्धारित किए जा सकें। इस अवसर पर तहसीलदार सुदेश मेहरा और गिरदावर रमेश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कलेक्टर रेट निर्धारण के लिए मौके पर निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

# 35 ने किया रक्तदान, 125 से अधिक का स्वास्थ्य जांचा

*कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर लगाया कैंप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) ने वीरवार को रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा के साथ मिलकर एक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जाखौदा में लगे शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया। जबकि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 125 से अधिक औद्योगिक कर्मचारियों की सेहत जांची गई।

गांव जाखौदा में स्थित एमफोर्ट फुटवियर्स एवं विन टीटी ऑटो ग्लोबल एलएलपी के परिसर में कोबी द्वारा हरियाणा के राज्यपाल एवं रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा के चेयरमैन अशिम कुमार घोष के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कोबी के सदस्यों के साथ झज्जर जिले के उद्योगपतियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के मार्गदर्शन संचित किए गए रक्त को भारतीय रेडक्रॉस के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में कोबी के संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, उद्योगपति रवि चमड़िया, राजेश गर्ग, तिलक राज गर्ग, सुशील पारीक, राजेश गोयल, सुरेश कुमार, सुनील शर्मा, कुलजीत कुमार, नीरज गोयल व सुशील अग्रवाल आदि ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। कैंप में 90 से अधिक लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया था, लेकिन रक्तदान 35 ही कर पाए। शिविर में कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। शिविर के आयोजन में कांता देवी जयप्रकाश जैन ट्रस्ट का सराहनीय योगदान रहा। नवल गर्ग, रुद्र गर्ग, तरुण गर्ग व तरुण ठुकराल आदि ने सभी का आभार व्यक्त किया।



बहादुरगढ़। रक्तदाता को प्रोत्साहित करते रवि चमड़िया व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# गर्ल्स कॉलेज में कराया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की योग समिति द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ के शारीरिक, मानसिक तथा मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक योग गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अल्का गुलाटी ने की।

योगाचार्य जगदीश सहवाग ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन संतुलित रहता है। योग समिति के प्रभारी रामेंद्र हुड्डा के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में प्राध्यापिका डॉ. सीमा, डॉ. शीतल तथा डॉ. ललिता विशेष रूप से उपस्थित रही। सभी छात्राओं ने नियमित योगाभ्यास करने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संकल्प लिया।



बहादुरगढ़। छात्राओं को योगाभ्यास करवाते योगाचार्य जगदीश सहवाग। फोटो: हरिभूमि

# शिक्षकों को पर्यावरण अध्ययन को रोचक बनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में पर्यावरण अध्ययन (प्राथमिक कक्षाएं) विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को पर्यावरण अध्ययन को अधिक रोचक, गतिविधि-आधारित एवं अनुभवात्मक ढंग से पढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों एवं शिक्षिका की संगीतमय प्रस्तुति से हुई। कार्यशाला में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में गुरविंदर आहूजा व करुणा सोलंकी उपस्थित रहीं।

उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर शिक्षकों के साथ प्रभावी शिक्षण विधियां, गतिविधियां तथा उपयोगी सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए नई शिक्षण तकनीकों को जाना। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।



बहादुरगढ़। स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में हुए कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षाविद।



बहादुरगढ़। सड़क निर्माण का नारियल फोड़ते विधायक राजेश जून।

## सराय गांव में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने गांव सराय औरंगाबाद से नया गांव तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सराय गांव के ग्रामीणों और रूहील रेजिडेंसी के निवासियों ने विधायक राजेश जून का स्वागत करते हुए सड़क बनवाने के लिए आभार व्यक्त किया। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक राजेश जून ने बताया कि सराय औरंगाबाद से नया गांव तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। लगभग 90 प्रतिशत सड़कें नई बन चुकी हैं, जबकि शेष 10 प्रतिशत सड़कों का निर्माण भी अगले तीन महीनों के भीतर पूरा करवा दिया जाएगा। जून ने सीएम नायब सिंह सैनी की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तुरंत मंजूरी देकर बहादुरगढ़ की विकास परियोजनाओं के लिए बजट उपलब्ध करवाते हैं। इसी के चलते पिछले डेढ़ वर्ष में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों का शुभारंभ और उद्घाटन हो रहा है।

## छारा के राजकीय महाविद्यालय में फ्री इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम करवाया

# पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही करें निवेश : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय छारा में वीरवार को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए फ्री फाइनेंशियल लिटरेसी एवं इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम के अंतर्गत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ रही साइबर धोखाधड़ी और फर्जी निवेश योजनाओं से सावधान रहने की सलाह दी गई।

मुख्य वक्ता के रूप में सेबी के वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक गुलशन गोयल ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें सही निवेश के बारे में जानकारी प्रदान की। गोयल ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए वित्तीय प्रबंधन की समझ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित बचत करने की आदत विकसित करने तथा अपनी आय का एक निश्चित भाग भविष्य के लिए निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार, फिक्स्ड डिपॉजिट, पब्लिक प्रोविडेंट फंड तथा सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान जैसे विभिन्न निवेश विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निवेश करते समय जोखिम और रिटर्न के संबंध को समझना बहुत आवश्यक है और निवेश हमेशा सोच-समझकर तथा विश्वसनीय माध्यमों से ही करना चाहिए। उन्होंने सेबी द्वारा निवेशकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों और दिशानिर्देशों की जानकारी भी दी। उन्होंने दीर्घकालीन निवेश, वित्तीय अनुशासन, बजट बनाने और सही वित्तीय योजना के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित छारा कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## जिला स्तरीय समाधान शिविर में मात्र छह शिकायतें हुईं दर्ज

**झज्जर।** जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल छह शिकायतें प्राप्त हुईं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं समाधान शिविर में पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सतीश खोला पहुंचे और नागरिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं और उनका निर्देश है कि किसी भी व्यक्ति की शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए।

DURGA SR. SEC. SCHOOL
MEHRANA (JHAJJAR)
REQUIREMENT
WE ARE HIRING FOR 2026-27
- PGT- Chemistry, Physics, Biology, Mathematics, English, History, Pol. Science, Commerce (Account & Business)
- TGT- All Subjects
- PRT- All Subjects (English Medium)
- Mother Teacher • Sports Coach
- Art & Craft Teacher • Dance Teacher
WALK IN INTERVIEW
Between 10:00 am to 2:00 pm in School Premises.
For Details Contact No.
Mr. Dayanand- 9813073523
Mr. Ashok Kumar- 9812320855